पेड़ लगाएं

क्लास -७

पाठ का नाम -पेड़ लगाएँ

पाठ -३

PPT-4

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

चीकू बंदर ने फिर उछलते हुए पूछा, "तो उससे क्या वीरू।"

"विज्ञान कहता है कि हम जितने अधिक पेड़ लगाएँगे, उतनी ही अधिक बारिश होगी।" वीरू ने चीकू के साथ सभी जानवरों को ये बात समझाई।

"पिछले कई वर्षों से हमने पेड़ लगाने ही बंद कर दिए हैं।" वीरू ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए फिर कहा।

"तो अब हम क्या करें?" सुंदर ने रोनी सूरत बनाते हुए पूछा।

"कुछ नहीं, आज से ही प्रण करो कि हम रोज़ एक पेड़ लगाएँगे और उसकी सेवा करेंगे।" वीरू ने जोश के साथ जवाब दिया।

"ठीक है तो यह तय रहा कि हम सब आज प्रण लेते हैं कि रोज़ एक पेड़ अवश्य लगाएँगे और उन पेड़ों को किसी को काटने भी नहीं देंगे।" राजा ने आदेशात्मक ऐलान किया।

ये वर्ष तो जैसे-तैसे सभी जानवरों ने पानी की समस्या से जूझते हुए निकाल दिया, किंतु अगले वर्ष पानी की समस्या से बचने के लिए सभी जानवरों ने रोज़ एक पेड़ लगाया। परिणाम स्वरूप अगले वर्ष अच्छी बारिश हुई। सभी जानवर बहुत खुश हुए।

"वीरू तुम्हारा बहुत-बहुत धन्यवाद। तुम्हारे कारण ही इस वर्ष गरमी में हमें पानी की समस्या से नहीं जूझना पड़ा।" राजा ने वीरू का आभार व्यक्त करते हुए कहा और सभी जानवरों ने खुश होकर तालियाँ बजाईं।

–कीर्ति श्रीवास्तव

शब्दार्थ

- **शब्दार्थ -**
- **सुंदर -खूबसूरत, शोभन (जैसे—सुंदर पोशाक)**
- **रोनी सूरत -अश्रुमुख,रोना हुआ**
- **सेवा -परिचर्या, ख़िदमत,पूजा, आराधना।**
- **प्रण -प्रतिज्ञा (जैसे—प्रण तोड़ना)।**
- **आदेशात्मक -आज्ञा की सूचना देने वाला ,चेतावनीपूर्ण।**
- **ऐलान -घोषणा ,सार्वजनिक रूप से प्रसारित सूचना।**
- **जूझते हुए -डटकर मुकाबला करना; संघर्ष करना 2. लड़ना; लड़ते हुए मरना 3. विषम परिस्थितियों का सामना करना 4. तकरार करना**

व्याख्या -

- सबके उत्तर से राजा खुसी नहीं थे I तभी बिरु हाथी ने कहा बिज्ञान कहता है कि पैड़ काटने से बारिश नहीं होती I बारिश न होने के कारण आज हम पानी की एक एक बुँदे केलिए तरसते हैं I जितना ज्यादा पेड़ हम लगाएंगे उतने अधिक बारिश होगी I बिरु के राज़ा खुस हो गए I सभी वीरू के बात को समर्थन दी I उसके उपरांत राजा ने कहा आप सभी प्रण लो कि आज से सभी एक एक पेड़ लगाएंगे I किसी भी पेड़ को काटने नहीं देंगे I एक वर्ष सभी प्रयास किए I सभी पेड़ लगाए I उसके बाद जमकर बारिश हुई I सभी जानवर खुश हो गए I अंत में राजा ने बीरू के प्रति आभार ब्यक्त किए I

व्याकरण

- **तुकांत वाले शब्द लिखो –**
- चीकू ---
- सभी –
- होगी –
- सुंदर –
- आज –
- **वाक्य बनाओ –**
- बिज्ञान –
- प्रण –
- आदेश –
- धन्यवाद -

गृहकार्य

- संबंधित प्रश्न - 1- बिज्ञान क्या कहता है ?
- 2 - वीरू ने सबको क्या समझाया ?
- 3-सब लोग ने किसको समर्थन दिए ?
- 4-सब क्या प्रण किए है?
- 5-राजा ने क्या ऐलान किया ?
- 6-रोनी सूरत कौन बनाया ?
- 7-सब लोग ने पेड़ क्यों लगाया ?
- 8-सब लोग किस केलिए ताली बजाई ?
- 9-पाठ का सारांश लिखिए ।
- 10-पाठ के माध्यम से समाज केलिए क्या संदेश है ?

ODM
EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP